'विरासत' में झूम उठे आइटियंस

बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

जागरण संवाददाता, वाराणसी : आइआइटी, बीएचयू के शताब्दी महोत्सव के क्रम में रविवार की देर शाम परिसर स्थित स्वतंत्रता भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'विरासत' का आयोजन किया गया। इसमें मशहूर ओडिशी नृत्यांगना सुजाता महापात्रा एवं शास्त्रीय संगीत गायक पं. संजीव अभ्यंकर ने नृत्य व गायन का अद्भुत संगम निर्मित किया। इस संगम में आइटियन्स में देर रात तक अवगाहन किया। कार्यक्रम के तहत 11 फरवरी को केंद्रीय रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा आएंगे।

अपनी टीम से साथ आकर दोनों शीर्षस्थ कलाकारों ने अपने बेहतरीन प्रस्तुति से सभी वर्तमान व पुरा छात्रों को मोहित कर दिया। संजीव अभ्यंकर ने अपनी शास्त्रीय गायकी का आरंभ राग शुद्ध कल्याण से किया। इसके बाद उन्होंने राग वसंत के माध्यम से शास्त्रीयता व मौसमी जादू श्रोताओं पर किया। अभ्यंकर ने भजन 'मैं तो सांवरे के रंग रांची...' प्रस्तुत किया। इसके बाद ओडिशी नृत्यांगना डा. सुजाता महापात्र ने नृत्य की शास्त्रीयता का परिचय कराने के साथ ही पद-हस्त व नेत्र संचालन का यथेष्ठ संयोजन प्रदर्शित किया। उन्होंने सरस्वती वंदना से नृत्य आरंभ किया। फिर पल्लवी का प्रदर्शन किया।

बीएचयू स्वतंत्रा भवन में आइआइटी की शताब्दी समारोह में नृत्य प्रस्तुत करते कलाकार •

शताब्दी समारोह

- समारोह में आज आएंगे केंद्रीय रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा
- नॉलेज कॉन्क्लेव में जुटे 1967 बैच के एलुमनाई

इससे पहले सुबह में 1969 बैच के एलुमनाई के लिए 50 वर्ष (गोल्डन जुबली) पूरे करने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पुरा छात्र भावुक हो उठे एवं उन्होंने अपने कॉलेज के दिनों के किस्से सभी के सामने प्रस्तुत किए। इस मौके पर आयोजित नॉलेज कॉन्क्लेव में 1967 बैच के एलुमनाई एवं डायमंड एक्सप्रेस कार वाश के मालिक एनसी जैन एवं नॉर्वेस्ट वेंचर पार्टनर्स के सदस्य मोहन कुमार शामिल रहे। वहीं संस्थान के छात्रों को छात्रवृति के रूप में एक लाख डॉलर दे चुके एनसी जैन की भी उपस्थिति खास रही।